# ये भक्तो का रखवाला श्याम भजन लिरिक्स

बन दीवाना पिले प्यारे,
श्याम नाम रस प्याला,
रखवाला रखवाला,
ये भक्तो का रखवाला,
खाटू वाला खाटू वाला
ये नीले घोड़े वाला।bd।

तर्ज – कदम कदम पर रक्षा करता।

---

एक बार इस वरदानी को,
अपना कह के बुला ले,
हारे का है श्याम सहारा,
तू भी तो आजमा ले,
झट से बांह पकड़ ली जिसने,
झट से बांह पकड़ ली जिसने,
दर पर डेरा डाला,
रखवाला रखवाला,
ये भक्तों का रखवाला,
खाटू वाला खाटू वाला
ये नीले घोड़े वाला।bd।

---

लहंगे का पर्दा कर बोली,
जीमो श्याम बिहारी,
भाव के वश काहे का पर्दा,
भूल गए बनवारी,
झटपट दोनों हाथ खिचड़ा,
झटपट दोनों हाथ खिचड़ा,
खा गए मदन गोपाला,
रखवाला रखवाला,
ये भक्तों का रखवाला,
खाटू वाला खाटू वाला
ये नीले घोड़े वाला।bd।

---

गज और ग्राह लड़े जब जल में,
लड़त लड़त गज हारा,
जब देखा प्राणों पर आई,
तब हरि नाम पुकारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

गरुड़ और वैकुण्ठ छोड़कर,
गरुड़ और वैकुण्ठ छोड़कर,
धाए दीन दयाला,
रखवाला रखवाला,
ये भक्तों का रखवाला,
खाटू वाला खाटू वाला
ये नीले घोड़े वाला।bd।

---

भरी सभा में द्रोपदी टेरी,
पल में चीर बढ़ाए,
जब प्रह्लाद खम्भ से बांधा,
नरसिंह रूप बनाए,
'किशन' वो विष प्याला मीरा का,
किशन वो विष प्याला मीरा का,
झट अमृत कर डाला,
**Bhajan Diary Lyrics,**
रखवाला रखवाला,
ये भक्तों का रखवाला,
खाटू वाला खाटू वाला
ये नीले घोड़े वाला।bd।

---

बन दीवाना पिले प्यारे,
श्याम नाम रस प्याला,
रखवाला रखवाला,
ये भक्तो का रखवाला,
खाटू वाला खाटू वाला
ये नीले घोड़े वाला।bd।

**Singer – Surbhi Chaturvedi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com